# 'एक अच्छा लेखक बनने के लिए एक उत्साही पाठक होना चाहिए'

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादेमी ने बुधवार को अपनी वेबलाइन साहित्य श्रृंखला के अंतर्गत अखिल भारतीय युवा लेखक सम्मेलन का आयोजन किया। आभासी मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री (संस्कृति), भारतीय उच्चायोग (यूके) और नेहरू सेंटर, लंदन के निदेशक अमीश त्रिपाठी ने किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार ने की। इस मौके पर साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में युवाओं की ऊर्जावान उपस्थिति उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आध्यात्मिक पथ पर चलते हुए भी देखा जा सकता है। उन्होंने 24 भाषाओं में साहित्य अकादेमी के युवा पुरस्कार और नवोदय योजना के बारे में भी बताया, जिसके तहत अकादेमी युवा लेखकों की पहली पुस्तक प्रकाशित करती है। उन्होंने कहा कि साहित्य अकादेमी अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं में युवा लेखकों को प्रोत्साहित करती है।